**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of October, 2020.**

The Rashtriya Ekta Diwas was celebrated on 31-10-2020. On this occasion, a special event was organized at statue of Unity at Kevadia, Gujarat, which was presided over by Hon'ble Prime Minister.

2. On 07.10.2020, MOS (G) took a meeting with the representatives of Gorkha Janmukti Morcha (GJM) on the issues related to Gorkhaland Territorial Administration (GTA).

3 On 01.10.2020, Union Home Secretary chaired a meeting to review strategic issues relating to COVID-19 management and facilitation of supply chain & logistics management in the country.

4. On 06.10.2020, Union Home Secretary chaired two meetings one with the DGs of Police & senior officers of Home and DM Departments of State/UT Governments and another meeting with the DsGP of CAPFs/CPOs regarding implementation of 'Jan Andolan' for COVID appropriate behavior in the country.

5. An Order extending the validity of guidelines for re-opening dated 30.09.2020, up to 30.11.2020 was issued.

6. On 08.10.2020, Union Home Secretary chaired a meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) to consider the report of Inter-Ministrial Central Team on damage caused by Cyclone Storm "Amphan" of 2020 in West Bengal.

7. On 22.10.2020, Union Home Secretary chaired a meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) to consider the report of Inter-Ministerial Central Team on damage caused by flood/landslides in 2020 in Karnataka and cyclone storm "Nisarga" of 2020 in Maharashtra.

8. On 01.10.2020, Union Home Secretary chaired a meeting of Delegated Investment Board (DIB) in connection with setting up of an Integrated Check Post (ICP) at Sabroom, South Tripura on Indo-Bangladesh Border, DIB proposal has been approved by the Hon'ble Home Minister and the same has been conveyed to LPAI.

9. During the month of October, 2020, assistance of Rs. 662 crore for Gujarat and Rs. 20.50 Crore for Nagaland has been released in advance from SDRF.

10. An amount of Rs. 10,41,69,200/- (Rupees ten crore, forty one lakh, sixty nine thousand and two hundred) only has been sanctioned as Ex-gratia Compensation to the NOKs of CAPFs and ARs.

11. Union Home Secretary have Chaired a Video Conference with the representatives of Secretaries of MoRD, MoEFCC, MoRTH, DG:CRPF, Chief Secretaries, Principal Secretaries (Home), Principal Secretaries (Implementing Department) of LWE affected States to review the progress of construction of roads under RRP-I and RCPLWEA in LWE affected States.

12. A D.O letter issued to the Chief Secretary, Govt. of Jharkhand on 13.10.2020 regarding pending ITIs and SDCs in LWE affected areas of jharkhand.

13. On 07.10.2020, JS (LWE) chaired a VC to review the progress of Aspirational District programme. He also took a meeting through VC to discuss upgradation of CAPF Hospitals in LWE theatre.

14. Advisories were issued to the States Governments/ CAPFs to sensitize them to counter the LWE activities in the LVVE affected areas.

15. Sanction for prosecution for filling the charge sheet against 24 accused persons was accorded in accordance with section 45(1) of Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 in respect of NIA Case.

16. Tirap, Changlang and Longding districts of Arunachal Pradesh and the areas falling with the jurisdiction of four police stations in other districts of Arunachal Pradesh, bordering the State of Assam have been notified on 01.10.2020 as 'disturbed area' under Section 3 of the Armed Forces (Special Powers) Act, 1958 for a further period of six months w.e.f. 1.10.2020 to 31.03.2021.

17. Recruitment Rules for 2345 Technical posts, consisting of Group 'A', 'B' & 'C' of National Disaster Response Force were notified on 09-10-2020.

18. During the month, more than 4201 kg of Narcotics Substances have been seized and 40 persons were arrested for their involvement in drug trafficking

19. National Police University by the name of Rashtriya Raksha University (RRU) has been established through the Rashtriya Raksha University Act, 2020 which came into effect from 01.10.2020. The draft RRU Rules have also been notified on 20.10.2020. Dr. Bimal Patel has been appointed as the Vice Chancellor of RRU.

20. During the month, the Hon'ble President assented 'The Gujarat Prohibition of Transfer of Immovable Property and Provision for Protection of Tenants from Eviction from Premises in Disturbed Areas (Amendment) Bill, 2019' ; 'The Factories (Uttar Pradesh Amendment) Bill, 2020' and 'The Andhra Pradesh State Commission for Scheduled Tribes Bill, 2019'.

****

**अक्तूबर, 2020 के लिए गृह मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियां, विशिष्ट कार्यकलाप और महत्वपूर्ण कार्यक्रम ।**

राष्ट्रीय एकता दिवस दिनांक 31-10-2020 को मनाया गया। इस अवसर पर एकता मूर्ति (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) स्थल, केवडिया, गुजरात में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय प्रधान मंत्री द्वारा की गई।

2. गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) से संबंधित मुद्दों पर गृह राज्य मंत्री (जी) ने दिनांक 07.10.2020 को गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम ) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

3. देश में कोविड़ -19 प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक प्रबंधन की सुविधा से संबंधित कार्यनीतिक मुद्दों की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 01.10.2020 को एक बैठक की अध्यक्षता की।

4. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 06.10.2020 को दो बैठकों की अध्यक्षता की जिसमें एक बैठक राज्य और संघ राज्य प्रदेश की सरकारों के पुलिस महानिदेशकों तथा गृह एवं डीएम विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ और दूसरी बैठक देश में कोविड़ उपयुक्त व्यवहार के लिए 'जन आन्दोलन' के कार्यान्वयन के संबंध में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/ केन्द्रीय पुलिस संगठनों के पुलिस महानिदेशकों के साथ हुई।

5. लॉक डाउन में छूट देने (रि-ओपनिंग) के लिए दिशानिर्देशों की वैधता को दिनांक 30.11.2020 तक बढ़ाने के लिए दिनांक 30.09.2020 को एक आदेश जारी किया गया ।

6. पश्चिम बंगाल में 2020 के चक्रवात "अम्फान" से हुई क्षति पर अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए दिनांक 08.10.2020 को केंद्रीय गृह सचिव ने राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एससी-एनईसी) की बैठक की अध्यक्षता की।

7. कर्नाटक में वर्ष 2020 में बाढ़/भूस्खलन और महाराष्ट्र में आए "निसारगा"चक्रवाती तूफान से हुई क्षति के बारे में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम की रिपोर्ट पर विचार करने के लिए दिनांक 22.10.2020 को केंद्रीय गृह सचिव ने राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एससी-एनईसी) की बैठक की अध्यक्षता की।

8. भारत-बांग्लादेश सीमा पर दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में एक एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) की स्थापना के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 01.10.2020 को प्रत्यायोजित निवेश बोर्ड (डीआईबी) की बैठक की अध्यक्षता की, माननीय गृह मंत्री ने डीआईबी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की और इसकी सूचना एलपीएआई को दे दी गई है ।

9. अक्टूबर, 2020 के दौरान, एसडीआरएफ से गुजरात को 662 करोड़ रुपये और नागालैंड को 20.50 करोड़ रुपये की सहायता राशि अग्रिम रूप से जारी की गई है ।

10. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स के दिवंगतों के निकटतम रिश्तेदारों को अनुग्रह मुआवजा राशि के तौर पर 10,41,69,200/- (दस करोड़, इकतालीस लाख, उनहत्तर हजार और दो सौ रुपए मात्र) स्वीकृत किए गए हैं ।

11. वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में आरआरपी-। और आरसीपीएलडबल्यूईए के तहत सड़कों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करने के लिए, केंद्रीय गृह सचिव ने ग्रामीण विकास मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिवों, महानिदेशक : सीआरपीएफ़, मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों (गृह), वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के प्रधान सचिवों (कार्यान्वयन विभाग) के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की ।

12. झारखंड के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में लंबित आईटीआई और एसडीसी के संबंध में मुख्य सचिव, झारखंड सरकार को दिनांक 13.10.2020 को एक अर्ध शासकीय पत्र जारी किया गया।

13. संयुक्त सचिव (एलडब्ल्यूई) ने दिनांक 07.10.2020 को एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम की प्रगति की समीक्षा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की। उन्होंने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सीएपीएफ अस्पतालों के उन्नयन पर चर्चा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक बैठक भी ली।

14. वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद की गतिविधियों से निपटने के लिए राज्य सरकारों/सीएपीएफ को जागरुक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गईं।

15. एनआईए मामले के संबंध में विधिविरुद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45 (1) के अनुसार 24 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के लिए अभियोजन की मंजूरी दी गई।

16. सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले और असम राज्य की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के अन्य जिलों में चार पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र वाले इलाकों को दिनांक 1.10.2020 से 31.03.2021 तक छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए दिनांक 01.10.2020 को "अशांत क्षेत्र" के रूप में अधिसूचित किया गया है।

17. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के समूह 'क', 'ख' और 'ग' के 2345 तकनीकी पदों के लिए भर्ती नियम दिनांक 09-10-2020 को अधिसूचित किए गए।

18. इस माह के दौरान, 4201 किलोग्राम से अधिक स्वापक पदार्थों को जब्त किया गया है और 40 लोगों को मादक पदार्थों (ड्रग) की तस्करी में शामिल होने के कारण गिरफ्तार किया गया है ।

19. दिनांक 01.10.2020 से प्रभावी राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 के द्वारा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के नाम से राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। दिनांक 20.10.2020 को आरआरयू नियमों का मसौदा भी अधिसूचित किया गया है। डॉ. बिमल पटेल को आरआरयू के कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है।

20. इस माह के दौरान, माननीय राष्ट्रपति ने 'गुजरात अचल संपत्ति अंतरण प्रतिषेध तथा अशांत क्षेत्र के परिसरों से निष्कासन से किराएदारों के संरक्षण की प्रावधान (संशोधन) विधेयक, 2019' कारख़ाना (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2020' और 'आंध्र प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग विधेयक, 2019' को स्वीकृति दी।

****